दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश में प्रसारित हरियाणा का हिन्दी दैनिक

# सत्यजय टाईम्स

हिन्दी दैनिक

वर्ष-12, अंक-107 बुधवार 19 अप्रैल, 2023, पृष्ठ 8, मूल्य 2 रुपये (फरीदाबाद से प्रकाशित) प्रात:कालीन संस्करण

RNI NO HARHIN/2012/43543 Ph. 0129- 4042533, Email: sjtfaridabad@gmail.com @SatyajayT satyajaytimes

सत्यजय टाईम्स
हिंदी दैनिक

## डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता बने अकादमिक परिषद के सदस्य

बल्लबगढ़, 18 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोडा। अग्रवाल कालेज के प्राचार्य डा. कृष्णकान्त गुप्ता को महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय रोहतक के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने विश्वविद्यालय की अकादमिक परिषद का सदस्य मनोनीत किया है। डॉ. कान्त का कार्यकाल 2 वर्ष के लिए रहेगा। प्राचार्य की इस उपलब्धि पर अग्रवाल महाविद्यालय की प्रबंध समिति के प्रधान देवेन्द्र कुमार गुप्ता, उप-प्रधान वासुदेव गुप्ता, सचिव विनोद मित्तल व कोषाध्यक्ष प्रवीण मित्तल व कार्यकारिणी के अन्य सदस्यों ने उन्हें शुभकामनाएं दी। इसके साथ महाविद्यालय के शिक्षक व गैर-शिक्षक कर्मचारियों ने भी प्राचार्य महोदय की इस विशेष उपलब्धि पर बधाई दी।

